an>

Title: Need to establish a government law college in Dhanbad, Jharkhand.

**श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद)** ः मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद में अलग-अलग क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा संस्थान हैं जिनमें से एक इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स को संपूर्ण भारत वर्ष में जाना जाता है और अभी हाल ही में इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स को आई.आई.टी. का दर्जा भी भारत सरकार द्वारा प्राप्त हुआ। वहीं आज धनबाद में एक निजी संस्था द्वारा विधि (कानून) संबंधी शिक्षा एल.एल.बी. का कोर्स संचालित है जोकि पर्याप्त नहीं है। आज देश के नवयुवक शिक्षा के प्रति जागरूक हैं और देश, समाज को इसकी आवश्यकता के साथ-साथ देश की प्रगति के लिए भी एक अच्छा संकेत है। धनबाद जिला हो या संपूर्ण झारखण्ड राज्य एल.एल.बी. व एल.एल.एम. की शिक्षा ग्रहण कराने हेतु एक भी सरकारी विधि (कानून) संबंधी शिक्षा संस्थान झारखण्ड राज्य में नहीं है।

अतः मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार से आग्रह करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद में एक उच्च स्तरीय विधि (कानून) संबंधी सरकारी शिक्षा संस्थान की स्थापना कराकर एल.एल.बी. व एल.एल.एम. कोर्स की सुविधा सुचारू रूप से प्रारंभ कराई जाये जिससे कि एल.एल.बी. व एल.एल.एम. की शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से जिन बच्चों, विद्यार्थियों को धनबाद या झारखण्ड राज्य से बाहर जाना पड़ता है, उन्हें सहूलियत प्राप्त हो और विधि (कानून) संबंधी शिक्षा एल.एल.बी. व एल.एल.एम. कोर्स कर लेने के बाद विद्यार्थियों को उसके गृह राज्य में ही रोज़गार के अवसर प्राप्त हो सकें।